# “IYC-2025”
# Chhattisgarh Status Report, September-2025

# “सहकार से समृध्दि”

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| **क्षेत्र** | सहकारी समितियां |
| **गतिविधि का स्तर/स्थान** | ग्राम |
| **कार्यक्रम गतिविधि का नाम** | सहकारी समितियों में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन। |
| **गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी** | सहकारी समितियों में कार्यालय एवं परिसर की साफ-सफाई की गई तथा कर्मचारियों और सदस्यों को स्वच्छता अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। |
| **उद्देश्य** | कार्यालयों एवं समिति परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश देना। |
| **प्रतिभागियों की संख्या** | **26,708** |
| **उपलब्धियाँ और परिणाम** | कार्यालय एवं समिति परिसर स्वच्छ हुआ, सदस्यों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ी, सामुदायिक स्तर पर स्वच्छता अभियान को बढ़ावा मिला। |

# "सहकार से समृध्दि"

**1.गतिविधि :** समस्त प्रकार की सहकारी समितियों में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| ग्राम | समस्त प्रकार की सहकारी समितियों में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन। | 2097 |




सेवा सहकारी समिति कोडगार जिला गोरेला पेण्ड्रा मरवाही



## डौंडी लोहारा विकासखंड के समितियों में हुआ स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

अमन पथ न्यूज

बालोद। पूरे विश्व मे वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकरिता वर्ष के रूप में बड़े हर्ष और गर्व के साथ मनाया जा रहा है । इस अवसर पर जिले के सहकारी समितियों में विभिन्न प्रकार के आयोजन के लिए कार्यालय उप आयुक्त सहकरिता के ओर से कैलेंडर जारी किया गया है। जिसके तहत माह सितम्बर में सभी सहकारी समितियों में स्वच्छ्ता पखवाड़ा का आयोजन किया जाना है इसी तारतम्य के अंतर्गत बालोद जिले के डौंडी लोहारा विकासखंड की समितियां डौंडी लोहारा, देवरी, नाहन्दा, पिनकापार, अछोली,मनकी, भँवरमरा, रेंगाड़बरी सहित सभी समितियो में आने वाले कार्यालय एवं समिति परिसर का साफ सफाई कर स्वछता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर उप आयुक्त सहकारिता आर पी राठिया ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का उद्देश्य सभी नागरिकों को सहकारिता से जोड़ना एवं सहकारी आंदोलन को गति प्रदान करना है। सहकारिता विस्तार अधिकारी सोमेंद्र साहू ने बताया की इस माह सभी समितियों में आमसभा का भी आयोजन किया जा रहा है जिसमे अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उद्देश्यों एवं सहकारिता से समृद्धि योजना का भी वाचन किया जा रहा है।

सेवा सहकारी समिति डौंडीलोहारा बालोद




जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग

# “सहकार से समृद्धि”

## 1. **गतिविधि:** समस्त प्रकार की सहकारी समितियों में सेवा पखवाड़ा का आयोजन।

| स्तर | आयोजन | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| ग्राम | समस्त प्रकार की सहकारी समितियों में सेवा पखवाड़ा का आयोजन। | 2097 |




सेवा सहकारी समिति मर्या. अकलतरा में 21 सितम्बर को सहकार रन का आयोजन किया गया।




समिति डूंडा में सेवा पखवाड़ा दिवस कार्यक्रम आयोजित कर नशामुक्ति के संबंध में जानकारी एवं शपथ दिलाया गया।

# “सहकार से समृध्दि”

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| **क्षेत्र** | पैक्स |
| **गतिविधि का स्तर/स्थान** | ग्राम एव पैक्स स्तर |
| **कार्यक्रम गतिविधि का नाम** | समितियों में वार्षिक साधारण सभा का आयोजन। |
| **गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी** | पैक्स समितियों में वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया, जिसमें समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के प्रमुख विषय यथा-समिति के कार्यकलापों का वार्षिक लेखा-जोखा, लाभ-हानि, भविष्य की कार्य योजनाएं एवं विकास कार्यों पर विचार-विमर्श किया गया। |
| **उद्देश्य** | सदस्यों को समिति की कार्यप्रणाली से अवगत कराना एवं सामूहिक निर्णय द्वारा भविष्य की योजनाएँ तय करना। |
| **प्रतिभागियों की संख्या** | 102,748 |
| **उपलब्धियाँ और परिणाम** | वार्षिक आमसभा में वर्ष 2024-25 के अंकेक्षित वित्तीय पत्रकों का अनुमोदन व 2025-26 के वार्षिक बजट का अनुमोदन किया गया। बैठक में विषयवार एजेण्डों पर चर्चा की गई। इससे सदस्यों को शासन/विभाग द्वारा वर्तमान में संचालित योजनाओं व उनकी कार्यप्रणाली तथा भविष्य में आगामी वर्ष के लिए कार्ययोजना/आयोजनों की जानकारी मिली। |

## 2. गतिविधि : समितियों में वार्षिक साधारण सभा का आयोजन।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| ग्राम | समितियों में वार्षिक साधारण सभा का आयोजन। | 2064 |




जिला सहकारी संघ धमतरी का सातवां वार्षिक आमसभा।



13 सितम्बर 2025, शनिवार — बालोद

### पैरी सहकारी समिति में वार्षिक आमसभा का आयोजन हुआ

अमन पथ न्यूज

बालोद। सेवा सहकारी समिति पैरी पंजीयन क्रमांक 601में वार्षिक साधारण आम सभा का कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि गैंद सिंह साहू, थे अध्यक्षता अर्जुन सिन्हा प्राधिकृत अधिकारी ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में पन्ना लाल सोनबोईर,नरेन्द्र सोनबाईर,रूपम देशमुख पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत पैरी, हाकीम सिंह मुख्य गन्ना विकास अधिकारी, शुभम काले फील्ड अधिकारी इफको कंपनी क्षेत्र दुर्ग,कृषि विस्तार अधिकारी दीपिका ठाकुर एवं कृषक गण उपस्थित रहे। आमसभा का शुभारंभ भगवान बलराम के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर अतिथियों का बैंच,तिलक लगाकर कर स्वागत किया गया तत्पश्चात आम सभा का आय व्यय की जानकारी सहायक समिति प्रबंधक हीरा लाल साहू द्वारा वाचन किया गया। उन्होंने बताया समिति पैरी को धान उठाव में बालोद जिला में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

यहां पर सीएससी सेंटर चल रहा है जिसमें बिजली बिल, एलआईसी बीमा का प्रीमियम ,मोबाइल रिचार्ज, गाड़ी बीमा, पशु बीमा तथा किसान एग्री स्टेक का पंजीयन कर सकते हैं और वर्ष का शुद्ध लाभ 13.61लाख एवं संचित लाभ 29.57 लाख हैं।

#### गन्ने की फसल ले किसान

आमसभा में गन्ना विकास अधिकारी हाकिम सिंह ने किसानों को गन्ने की फसल लगाने के लिए प्रेरित किया और बताया धान की फसल की जगह गन्ने की फसल में लागत कम आता है और लाभ ज्यादा है। उन्होंने धान फसल की लागत और गन्ने फसल की लागत की अंतर को विस्तार से बताया।

#### नैनो डीएपी और यूरिया की उपयोगिता को बताया

इस दौरान शुभम काले फील्ड अधिकारी इफको कंपनी क्षेत्र दुर्ग ने नैनो डीएपी और नैनो यूरिया की उपयोगिता की जानकारी दी। उन्होंने बताया आधा लीटर नैनो डीएपी की कीमत डीएपी की एक बोरी से आधे से भी कम होती है लेकिन यह फसलों के लिए डीएपी की एक बोरी के बराबर लाभदायक होती है। नैनो डीएपी का उपयोग करने से किसान प्रतिबोरी 750 रुपए की बचत कर सकते हैं साथ ही बीज उपचार एवं फसलों पर छिड़काव कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। कृषि विस्तार अधिकारी ने बताया कृषि विकास विभाग द्वारा जिले के किसानों को अत्याधुनिक नैनो तकनीक पर आधारित नैनो डीएपी उर्वरक का उपयोग करने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। नैनो डीएपी के उपयोग से पौधों की ओज शक्ति में वृद्धि होती है और पत्तियों में क्लोरोफिल अधिक बनता है, जिससे प्रकाश संश्लेषण अधिक होता है और फसलों की गुणवत्ता और उपज में भी इजाफा होता है।

सेवा सहकारी समिति पैरी



वार्षिक साधारण सभा।

**2. गतिविधि :** समितियों में वार्षिक साधारण सभा का आयोजन।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| ग्राम | समितियों में वार्षिक साधारण सभा का आयोजन। | 2064 |






वार्षिक साधारण सभा।

# “सहकार से समृद्धि”

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| **क्षेत्र** | सम्पूर्ण राज्य |
| **गतिविधि का स्तर/स्थान** | ग्राम एवं जिला स्तर |
| **कार्यक्रम गतिविधि का नाम** | रक्तदान शिविर का आयोजन। |
| **गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी** | दिनांक 17 सितम्बर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है, इसी क्रम में प्रदेश में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सहकारिता विभाग, सहकारी समिति एवं सहकारी बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा स्वेच्छिक रक्तदान किया गया। |
| **उद्देश्य** | लोगों में सामाजिक उतरदायित्व की भावना जागृत कर ज़रूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराना एवं सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देना। |
| **प्रतिभागियों की संख्या** | **548** |
| **उपलब्धियाँ और परिणाम** | रक्तदान शिविर के आयोजन से सामाजिक कर्तव्यों एवं उतरदायित्व की भावना जागृत हुई। इससे जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया गया तथा अतिशेष रक्त को ब्लड बैंक को सौंप दिया गया, जिससे वे सुयोग्य मरीजों को सहयोग कर सके। |

## 3. **गतिविधि :** सहकारिता विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन।

| स्तर | आयोजन | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| ग्राम एवं जिला स्तर | सहकारिता विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन। | 97 |



जिला मुंगेली



**सेवा पखवाड़ा • सहकारिया विभाग ने नवागांव घुटेरा में किया आयोजन**

# 37 लोगों ने रक्तदान किया, हेलमेट बांटे

भास्कर न्यूज | मुंगेली

अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर सहकारिता विभाग, जिला मुंगेली द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत सेवा सहकारी समिति नवागांव घुटेरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सेवा भारती के सहयोग से आयोजित इस पुनीत कार्य में छोटे से गांव के लोगों ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाया और 37 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

शिविर का शुभारंभ सुबह 10 बजे सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त हितेश श्रीवास की उपस्थिति में हुआ, जो शाम 4 बजे तक चला। शिविर में लगभग 60 लोगों के स्वास्थ्य की प्रारंभिक जांच की गई, जिसमें उनका शुगर, बीपी, एचबी, ब्लड ग्रुप और हीमोग्लोबिन का परीक्षण किया गया। इन लोगों में से 37 व्यक्तियों ने रक्तदान किया, जिससे कुल 37 यूनिट रक्त का संग्रहण हुआ। रक्त संग्रहण के लिए हंस वाहिनी शिक्षण एवं सेवा समिति बिलासपुर की 6 सदस्यीय टीम ने सेवा दी। सुपरवाइजर सेतु साहू ने बताया कि संग्रहित रक्त को थैलेसीमिया और सिकल सेल से पीड़ित लोगों को निःशुल्क दिया जाता है। इस नेक कार्य में दान करने वाले लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को सेवा भारती के सहयोग से हेलमेट, कप सेट और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सेवा भारती के माध्यम से दाताओं के लिए भोजन और नाश्ते की व्यवस्था भी की गई थी। नवागांव घुटेरा समिति के प्रबंधक विकास पाण्डेय ने इसे सहकारिता सेवा पखवाड़ा के तहत मिला एक पुनीत कार्य का अवसर बताया।

उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी लोगों, सेवा भारती के कार्यकर्ताओं और हंस वाहिनी शिक्षण एवं सेवा समिति बिलासपुर से आए सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में नोडल अधिकारी संतोष ठाकुर, शाखा प्रबंधक देवेंद्र देवांगन, सहकारिता विस्तार अधिकारी मोनिका साहू, पर्यवेक्षक गजराज सिंह ठाकुर, समिति के अध्यक्ष बसंत स्वर्णकार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिविर में रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र देते हुए अतिथि और अन्य।




जिला दंतेवाड़ा

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| **क्षेत्र** | पैक्स |
| **गतिविधि का स्तर/स्थान** | जिला स्तर |
| **कार्यक्रम गतिविधि का नाम** | NCDC द्वारा गठित सफल कृषक उत्पादक संगठनों (FPO) की सफलता की कहानी व बेहतर कार्यप्रणाली का प्रर्दशन करना। |
| **गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी** | किसान उत्पादक संगठन (FPO) के संचालन एवं सफलता की वास्तविक कहानियाँ साझा की गईं। किसानों को सामूहिक विपणन, संगठित प्रयास, आधुनिक तकनीक और संसाधन उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। |
| **उद्देश्य** | किसानों को संगठित होकर सामूहिक प्रयास करने हेतु प्रेरित करना, उत्पादन एवं विपणन की क्षमता बढ़ाना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना। |
| **प्रतिभागियों की संख्या** | **114** |
| **उपलब्धियाँ और परिणाम** | किसानों को FPO मॉडल के लाभों की जानकारी मिली। सामूहिक विपणन और उत्पादन के प्रति जागरूकता बढ़ी। ग्रामीण किसानों में संगठन और सहयोग की भावना सुदृढ़ हुई। भविष्य में अधिक किसानों द्वारा FPO से जुड़ने की संभावना बढ़ी। |

**4. गतिविधि :** NCDC दवारा गठित सफल कृषक उत्पादक संगठनों (FPO) की सफलता की कहानी व बेहतर कार्यप्रणाली का प्रदर्शन करना ।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| जिला | NCDC दवारा गठित सफल कृषक उत्पादक संगठनों (FPO) की सफलता की कहानी व बेहतर कार्यप्रणाली का प्रदर्शन करना । | 01 |

09 सितम्बर 2025, मंगलवार बालोद

# प्राथमिक स्तर की सहकारी समितियों/ पैक्स हेतु कार्यशाला का आयोजन संपन्न



अमन पथ न्यूज

बालोद।अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत NCDC रायपुर द्वारा दिनांक 08.09.2025 को ठउउळ योजनाओं, क्रियाकलापों एवं वित्त पोषण के विषय पर बालोद जिले में स्थिति प्राथमिक स्तर की सहकारी समितियों/ पैक्स हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया कार्यशाला में कुल 114 सदस्यों का ज्ञान वर्धन निम्न सत्रों के माध्यम से किया गया जिसमें सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की 56 प्रमुख पहलों पर चर्चा, NCDC की योजनाएं, क्रियाकलाप एवं वित्त पोषण पर चर्चा, सहकारिता सप्ताह 4 वर्ष पर सहकारिता मंत्रालय के योगदान पर चर्चा ,अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का महत्व के बारे में जानकारी दी गई। राजेन्द्र राठिया , उप पंजीयक संस्थाएं बालोद द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया और NCDC की इस कार्यशाला का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया ।

उसके पश्चात शुभम साहू , युवा पेशेवर (विपणन), NCDC रायपुर द्वारा बैठक में समस्त समितियों को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का सुलभ प्रयोग करने तथा सहकारिता मंत्रालय के सभी प्रमुख पहलों के बारे में जानकारी दी गयी एवं NCDC के बारे में जानकारी दी गई ।

साथ ही योजनाओं के अंतर्गत युवा सहकार, AIF , FPO , AIF , AMI , PMFME , AHIDF ,NBHM , MIDH, NLM के बारे मे जानकारी दी गई और उपयुक्त प्रस्ताव का सृजन करने हेतु प्रेरित किया गया ।

इसके आलावा CSC से खिलेश्वर साहू जिला प्रबंधक द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स)द्वारा संचालित CSC में प्रमुख सुविधाओं का उपयोग कर क्षेत्र के किसानों को लाभान्वित करने एवं ट्रांजेक्शन बढ़ाने ,CSC सर्विस का प्रचार प्रसार करने के साथ ही पैक्स को CSC लाभप्रद बनाने हेतु प्रेरित किया । इस अवसर पर नोडल अधिकारी DCCB चिंता राम रावटे, चंद्रकांत चंद्राकर सहकारिता विस्तार अधिकारी गुरूर सहित सभी समिति प्रबंधक एवं कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# “सहकार से समृध्दि”

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| **क्षेत्र** | पैक्स |
| **गतिविधि का स्तर/स्थान** | जिला स्तर |
| **कार्यक्रम गतिविधि का नाम** | प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में कृषक संगोष्ठी का आयोजन। |
| **गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी** | कृषक संगोष्ठी में किसानों को कृषि ऋण, बीज, उर्वरक, कीटनाशक उपलब्धता तथा नवीनतम कृषि तकनीकों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों द्वारा किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया और सहकारी समिति की सेवाओं से अवगत कराया गया। |
| **उद्देश्य** | किसानों को जागरूक करना, सहकारी संस्थाओं की योजनाओं व सुविधाओं की जानकारी देना तथा कृषि उत्पादन एवं आय में वृद्धि करना। |
| **प्रतिभागियों की संख्या** | 9,957 |
| **उपलब्धियाँ और परिणाम** | किसानों को सहकारी समिति की सेवाओं और योजनाओं की जानकारी मिली। आधुनिक खेती तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ी। ऋण एवं उर्वरक वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता आई। किसानों की सहभागिता और विश्वास में वृद्धि हुई |

**5. गतिविधि :** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में कृषक संगोष्ठी का आयोजन।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| जिला स्तर | प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में कृषक संगोष्ठी का आयोजन। | 2058 |



जिला धमतरी में कृषक संगोष्ठी का आयोजन।



# प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति चिंवरी में आयोजित हुई कृषक संगोष्ठी

**विकेंद्रीकृत अन्न भंडारण ग्रामीण विकास का आधार : डॉ दीक्षित**

**धमतरी (प्रखर)।** जिला सहकारी संघ धमतरी द्वारा 19 सितंबर 2025 को कुरूद विकासखंड के अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित चिंवरी के परिसर में भारत सरकार के प्रोजेक्ट सहकार से समृद्धि के साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना 2025 के रजत जयंती वर्ष पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता डॉ दीक्षित ने कहा कि आत्मनिर्भरता की प्राप्ति का मंत्र है सहकारिता। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में सहकारिता की भूमिका अग्रणी है। विश्व की सबसे बड़ी विकेंद्रीकृत अन्न भंडारण योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने कहा कि अन्न का उत्पादन मात्र महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि अन्न का सुरक्षित भंडारण भी महत्वपूर्ण है। विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की शुरुआत 31 मई 2023 को की गई। जिसमें पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत अनाज की बर्बादी रोकने, कृषकों को उपज का उचित मूल्य दिलवाने व केंद्रीकृत भंडारण के कारण परिवहन अपव्यय एवं विलंब को दूर करने पैक्स समितियो में अनाज गोदाम बनाने की महती योजना प्रारंभ की गई। छत्तीसगढ़ में 725 समितियो में 200 मीट्रिक टन के गोदाम निर्मित किया जा रहे हैं, जिसमें प्रति गोदाम 25.5 लाख रुपए की दर से कुल 185.31 करोड़ की लागत आएगी। आदिवासी क्षेत्र में समितियो द्वारा लागत का 10प्रतिशत तथा शेष समितियो में लागत का 20प्रतिशत भार वहन करेगी।

कार्यक्रम में पैक्स चिंवरी के प्राधिकृत अधिकारी रामखिलावन साहू, पूर्व अध्यक्ष बसंत साहू व उत्तम कुमार साहू, पूर्व उपाध्यक्ष मह्लूराम यादव, पूर्व संचालक दशवंत साहू, सरपंच ग्राम पंचायत चिंवरी संजीत साहू, वरिष्ठ कृषक टीकाराम सिन्हा,श्यामलाल साहू, पवन कुमार साहू, अशोक साहू, खुमान साहू, बलीराम साहू, प्रवक्ता डॉक्टर ए एन दीक्षित, जिला सहकारी संघ के प्राधिकृत अधिकारी सीपी साहू तथा क्षेत्र के बड़ी संख्या में कृषक व सहकारी क्षेत्र से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संघ प्रबंधक ए पी गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन चिंवरी पैक्स प्रबंधक चंद्रहास साहू ने किया।

सेवा सहकारी समिति चिंवरी

# “सहकार से समृध्दि”

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| **क्षेत्र** | जिला स्तर |
| **गतिविधि का स्तर/स्थान** | दुग्ध सहकारी समितियां |
| **कार्यक्रम गतिविधि का नाम** | दुग्ध सहकारी समितियों का प्रशिक्षण । |
| **गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी** | दुग्ध सहकारी समितियों के दुग्ध उत्पादन में वृध्दि तथा विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान करना। |
| **उद्‌देश्य** | दुग्ध सहकारी समितियों के आय में वृध्दि तथा जागरूकता कार्यक्रम। |
| **प्रतिभागियों की संख्या** | **904** |
| **उपलब्धियाँ और परिणाम** | जिला स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पशुधन विकास विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सहकारी समितियों के सदस्यों को पशुओं में होने वाली बीमारियों यथा खुरहा, चक्का, एकटगिया तथा लम्पी रोग होने पर पशुओं का अनिवार्य रूप से टीका कराने संबंधी जानकारी प्रदान की गई। |

**6. गतिविधि:** दुग्ध सहकारी समितियों का प्रशिक्षण।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| जिला स्तर | दुग्ध सहकारी समितियों का प्रशिक्षण। | 33 |

## दुग्ध सहकारी समितियों को उत्पादन बढ़ाने के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**दुधारू पशुओं में बीमारियां और नस्ल सुधार के बारे में भी समझाया गया**





बलौदाबाजार। कलेक्टर श्री दीपक सोनी के मार्ग दर्शन में जिला के 99 पंजीकृत दुग्ध सहकारी समितियों का सहकारिता विभाग एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित बलौदाबाजार-भाटापारा के तत्वाधान में 12 सितंबर को एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में पशुधन विकास विभाग से डॉ. नरेन्द्र सिंह उप संचालक एवं डॉ. रुपेश बघेल के द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी देते हुए सहकारी समिति के सदस्यों को पशुओं में होने वाले बीमारियों जैसे- खुरहा, चपका, एकटंगीया, गलघोटू, लम्पी स्किन रोग होने पर पशुओं को अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराने जानकारी दी गई। उन्नत नस्ल सुधार हेतु अच्छी नस्ल के देशी गाय, सहवाल एवं जर्सी तथा अन्य उन्नत नस्लों के गाय-भैंस का कृत्रिम गर्भाधान (AI) कराने हेतु सदस्यों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यशाला में कृषकों को चारागाह निर्माण कर नेपियर घास तथा मक्के एवं बाजरे जैसे हरे चारा का पशु आहार में उपयोग करने हेतु जानकारी दी गई, विभाग के द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 1962 के माध्यम से मोबाइल वेन की सुविधा उपलब्ध है तथा पशुओ में आपातकालीन स्थिति तथा विभाग योजनाओं की जानकारी प्रदाय की जा रही है कृषकों को अपने पशुओं को घर में बांध कर रखे खुला ना छोड़ने की अपील किया गया।

### आयुक्त ने कार्यप्रणाली से कराया अवगत

उप आयुक्त श्री उमेश कुमार गुप्ता द्वारा सहकारी समितियों की पंजीयन, कार्यप्रणाली, निर्वाचन एवं समिति के सदस्यों आपसी समन्वय से नियमित रूप से समिति सदस्यों की बैठक आयोजित करने, आय-व्यय की जानकारी सभी सदस्यों को साझा करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। विभाग से संपर्क कर शासन की योजनाओं का लाभ समिति के सदस्यों लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। कार्यशाला में श्री जी एन साहू, नोडल अधिकारी DCCB के द्वारा सहकारी बैंक के माध्यम से दुग्ध सहकारी समितियों को बैंक की योजनाओं के तहत गौ-पालन हेतु अल्पकालीन ऋण 02 लाख तक का 1% एवं 3 लाख तक का 03% ब्याज दर देने तथा मध्यमकालीन ऋण प्राप्त कर अपने कार्य व्यवसाय में वृध्दि करने की जानकारी दी गई।

### दुग्ध समितियों की दी गई विस्तार से जानकारी

कार्यशाला में जिले के अंतर्गत पंजीकृत दुग्ध समितियों के द्वारा प्रतिदिन समिति सिमगा में 300 लीटर, खिलोरा 100 लीटर, कौवाडीह में 300, ओड़ान 250 लीटर, चन्दन 150 लीटर, रंगोरा 150 लीटर, पामिद 200 लीटर अकलतरा में 150 लीटर दुग्ध का उत्पादन कर विक्रय कर छग राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ रायपुर को करने की जानकारी दी गई, जिससे की समिति को प्रतिमाह 10-12 लाख की आय-व्यय होने की जानकारी दी गई। कौवाडीह समिति के पशुपालक कृषक श्री नवीन वर्मा ने बताया कि, वे समिति में प्रतिदिन 100 लीटर दुग्ध का बिक्री कर रहे है जिससे की प्रतिदिन 3500 रूपये का एवं मासिक 105000.00 का आमदनी हो रही है साथ ही अन्य कृषक श्री घनश्याम यदु को प्रतिमाह 70000.00 , सुभाष यदु को प्रतिमाह 50000.00, मोहन यदु को प्रतिमाह 35000.00 रूपये दुग्ध बिक्री से प्राप्त होने की जानकारी दी गई। सहकारी समिति से जुड़कर के स्थानीय स्तर पर उनके द्वारा उत्पादित दुग्ध का बिक्री समिति में होने पर कृषकों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई।

### कार्यक्रम में इनकी भी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में उप आयुक्त श्री उमेश गुप्ता, डॉ. नरेन्द्र सिंह उप संचालक एवं डॉ. रुपेश बघेल, नोडल अधिकारी श्री जी एन साहू, श्री के बी वारे, श्री डी के नेताम, श्री एम एस कँवर एवं जिले के दुग्ध सहकारी समिति के अध्यक्ष, सचिव उपस्थित रहे।




जिला मुंगेली

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| **क्षेत्र** | ग्राम। |
| **गतिविधि का स्तर/स्थान** | पैक्स तथा बैंक स्तर। |
| **कार्यक्रम गतिविधि का नाम** | बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सहकारी बैंकों की खास पहल। |
| **गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी** | बस्तर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में पासबुक वितरण और माईक्रो ए.टी.एम. के माध्यम से कृषकों को भुगतान किया गया। |
| **उद्देश्य** | अति वृष्टि से प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में राहत एवं पुनर्वास कार्यों में सहकारी बैंकों द्वारा मदद पहुंचाना। |
| **प्रतिभागियों की संख्या** | 1760 |
| **उपलब्धियाँ और परिणाम** | इस वर्ष अधिक बारिश के कारण दुर्गम एवं दूरस्थ क्षेत्रा में निवासरत कृषकों के निवास स्थलों में बाढ़ आने के कारण उनके घरेलू सामान तथा महत्वपूर्ण दस्तावेज बह गये अथवा बारिश से नष्ट हो गये। राज्य में इस अवधि में कृषि कार्य किये जाते हैं, जिसके लिए किसानों को कृषि कार्य हेतु राशि की महती आवश्यकता थी। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जगदलपुर द्वारा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विशेष रूप से नवीन पासबुक का वितरण कृषकों को किया गया तथा पैक्स समितियों में माईक्रो ए.टी.एम. की तत्काल व्यवस्था की गई, जिससे पैक्स में राशि की तरलता उपलब्ध कराते हुए आर्थिक राहत प्रदान की गई। |

## 7. गतिविधि : बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सहकारी बैंकों की खास पहल।

| स्तर | आयोजन | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| पैक्स तथा बैंक स्तर। | बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सहकारी बैंकों की खास पहल। | **47** |



**बाढ़ प्रभावित मांदर में सहकारी बैंक की खास पहल**

# पासबुक वितरण और माइक्रो एटीएम से ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय पिछले दिनों बस्तर संभाग के बाढ़ प्रभावित जिलों का हवाई एवं जमीनी निरीक्षण करते हुए बाढ़ प्रभावित परिवारों को प्रशासन की ओर से किए जा रहे राहत एवं पुनर्वास कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए बाढ़ प्रभावित परिवारों को सभी स्तरों पर संवेदनशीलता एवं तत्परता से प्रशासनिक मदद दिए जाने के निर्देश दिए गए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के अनुपालन में अतिवृष्टि से प्रभावित गाँव मांदर के ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। कलेक्टर बस्तर एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर के प्राधिकृत अधिकारी श्री हरिस एस के द्वारा शाखा लोहंडीगुड़ा और आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अलनार ने बाढ़ पीड़ितों को उनके जरूरी दस्तावेज और पैसों तक पहुँचने में मदद की है।

**बाढ़ पीड़ितों को मिली बड़ी मदद**

बाढ़ के कारण मांदर गाँव के कई घरों का घरेलू सामान बह गया था, जिसमें ग्रामीणों के महत्वपूर्ण दस्तावेज भी शामिल थे। इन दस्तावेजों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड और बैंक पासबुक जैसी चीजें शामिल थीं, जिनके बिना सरकारी योजनाओं और बैंक सेवाओं का लाभ उठाना मुश्किल हो रहा था।

**किसानों को मिली खेती के लिए राहत**

इस पहल से सबसे अधिक फायदा उन ग्रामीण परिवारों को हुआ है, जिनकी खेती-किसानी के लिए पैसे निकालने की सख्त जरूरत थी। नई पासबुक मिलने से वे अब अपने बैंक खाते से आसानी से रकम निकाल सकते हैं, जिससे उन्हें अपनी फसल और खेती से जुड़े कार्यों को फिर से शुरू करने में मदद मिलेगी। इस मुश्किल घड़ी में बैंक और समिति द्वारा किए गए इस प्रयास ने ग्रामीणों को एक बड़ा सहारा दिया है, जिससे वे अपनी जिंदगी को पटरी पर लाने की कोशिश कर

**पासबुक और माइक्रो एटीएम से हुआ भुगतान**

ग्रामीणों की इस समस्या को देखते हुए कलेक्टर एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर के प्राधिकृत अधिकारी के द्वारा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक लोहंडीगुड़ा ने गाँव में ही नवीन बैंक पासबुक का वितरण किया गया। इसके साथ ही आदिम जाति सेवा सहकारी समिति अलनार ने माइक्रो एटीएम मशीन की व्यवस्था की है। इसके माध्यम से जिन किसानों के पास एटीएम कार्ड था, उन्हें तत्काल उनकी जरूरत के अनुसार नकदी का भुगतान किया जा रहा है।



लेम्प्स कोसलनार



लेम्प्स नेलसनार

| मानदण्ड | विवरण |
| --- | --- |
| **क्षेत्र** | ग्राम। |
| **गतिविधि का स्तर/स्थान** | पैक्स स्तर। |
| **कार्यक्रम गतिविधि का नाम** | दूरस्थ वनांचलों में सहकारी प्रशिक्षण का आयोजन। |
| **गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी** | राज्य के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को सहकारी संगठनों के माध्यम से व्यवसायिक प्रशिक्षण, संगठन कौशल और स्थानीय संसाधनों के उपयोग की दिशा में सशक्त किया जा रहा है। |
| **उद्देश्य** | दूरस्थ वन क्षेत्रों में निवासरत समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु सहकारी मॉडल के माध्यम से संगठित प्रयासों को बढ़ावा देना तथा महिलाओं एवं युवाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना। |
| **प्रतिभागियों की संख्या** | 950 |
| **उपलब्धियाँ और परिणाम** | छत्तीसगढ़ के दूरस्थ वनांचलों में सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय आदिवासी एवं ग्रामीण समुदायों को संगठित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की गई है। कृषकों को गौपालन, ब्याज मुक्त अल्प कालीन कृषि ऋण वितरण, लाख उत्पादन हेतु ऋण, उद्यानिकी कार्य हेतु ऋण एवं मत्स्य पालन हेतु ऋण इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। महिला समूहों का गठन कर उन्हें उत्पादन एवं विपणन से जोड़ा गया है। इससे स्थानीय रोजगार में वृद्धि, पलायन में कमी, महिला सशक्तिकरण तथा वन संसाधनों के सतत उपयोग को प्रोत्साहन मिला है। |

**8. गतिविधि :** दूरस्थ वनांचलों में सहकारी प्रशिक्षण का आयोजन।

| स्तर | आयोजन | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| पैक्स स्तर। | दूरस्थ वनांचलों में सहकारी प्रशिक्षण का आयोजन। | **07** |



| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| **क्षेत्र** | पैक्स |
| **गतिविधि का स्तर/स्थान** | पैक्स एवं ग्राम स्तर |
| **कार्यक्रम गतिविधि का नाम** | नैनो यूरिया-नैनो DAP संबंधी कार्यशाला। |
| **गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी** | कृषकों को पैक्स समितियों में नैनो यूरिया और नैनो DAP जैसे आधुनिक उर्वरकों के महत्व और उनके उपयोग की सही विधि की जानकारी प्रदाय करना। |
| **उद्देश्य** | फसलों के उत्पादन में वृध्दि हेतु नैनो उर्वरकों का समुचित उपयोग हेतु प्रोत्साहित करना। |
| **प्रतिभागियों की संख्या** | 2016 |
| **उपलब्धियाँ और परिणाम** | फसलों के उत्पादन में वृध्दि तथा उत्पादन लागत में कमी तथा मिट्टी की उर्वरता घटने जैसे समस्याओं के समाधान के रूप में नैनो उर्वरकों का प्रयोग किया गया। नैनो उर्वरकों का प्रयोग से फसलों की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। राज्य के कृषकों को नैनो उर्वरकों के छिड़काव हेतु ड्रोन सेवाएं भी कृषकों को प्रदान की गई हैं। पैक्स समितियों में कृषकों को नैनो उर्वरकों के संबंध में जानकारी देने के लिए कार्यशालाएं आयोजित किया गया, जिससे किसान प्रेरित होकर नैनों उर्वरकों का उपयोग करने लगे हैं। |

**9. गतिविधि :** नैनो यूरिया-नैनो DAP संबंधी कार्यशाला।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| पैक्स एवं ग्राम स्तर | नैनो यूरिया-नैनो DAP संबंधी कार्यशाला। | 33 |



**इफको की विशेष किसान सभा : नैनो यूरिया-नैनो डीएपी की दी गई विस्तृत जानकारी**

**खाद की कमी और उर्वरता में कमी का हल है नैनो उर्वरक**

**नैनो और पारंपरिक उर्वरकों में समझाया गया फर्क**

**ड्रोन तकनीक प्रत्यक्ष रूप से दिखाया गया**




पैक्स लोलेसरा, जिला बेमेतरा

| मानदण्ड | विवरण |
| --- | --- |
| **क्षेत्र** | जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक |
| **गतिविधि का स्तर/स्थान** | जिला स्तर |
| **कार्यक्रम गतिविधि का नाम** | जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों द्वारा सदस्य समितियों को लाभांश भुगतान। |
| **गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी** | जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों से सम्बध्द सदस्य प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को विगत वित्तीय वर्ष में प्राप्त लाभांश का वितरण किया गया। |
| **उद्देश्य** | जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों से सम्बध्द सदस्य समितियों को प्राप्त लाभांश का वितरण करना। |
| **प्रतिभागियों की संख्या** | 311 |
| **उपलब्धियाँ और परिणाम** | बैंक द्वारा सदस्य समितियों को लाभांश वितरण एक महत्वपूर्ण वित्तीय प्रक्रिया है, जो बैंक की वार्षिक लाभ राशि के आधार पर किया जाता है। लाभांश वितरण का उद्देश्य समितियों को उनकी पूंजी निवेश पर उचित प्रतिफल देना और बैंक.सदस्य संबंधों को मजबूत बनाना है। वितरण से पूर्व बैंक को लेखा परीक्षण पूर्ण कर निदेशक मंडल की अनुशंसा एवं वार्षिक आम सभा की स्वीकृति उपरान्त निर्णय लिया गया है। लाभांश का भुगतान पारदर्शी तरीके से, निर्धारित समय-सीमा में, बैंक के नियमों एवं सहकारी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार किया गया। |

**10. गतिविधि :** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों द्वारा सदस्य समितियों को लाभांश भुगतान।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| जिला स्तर | जिला सहकारी केन्द्रीय बैंकों से सम्बध्द सदस्य प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को विगत वित्तीय वर्ष में प्राप्त लाभांश का वितरण किया गया। | 01 |



# सदस्य समितियों को 11.19 करोड़ रु. लाभांश भुगतान का निर्णय

- जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग की 110वीं वार्षिक आमसभा में निर्णय

दुर्ग। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग, का 110वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक 25 सितंबर को बी.आई.टी. कॉलेज दुर्ग के ऑडिटोरियम में हुई। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं कलेक्टर दुर्ग श्री अभिजीत सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में बैंक से सम्बद्ध सहकारी समितियों के बैंक प्रतिनिधियों ने आमसभा में भाग लिया।

आमसभा की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बैंक के प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्ष 2024-25 में बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक एवं नाबार्ड के निर्धारित मापदंड के अनुसार अंकेक्षण में "अ" वर्ग प्राप्त किया है।

**वार्षिक प्रतिवेदन पेश हुआ**

आमसभा में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस.के.जोशी ने बैंक के वार्षिक प्रतिवेदनों का वाचन किया। जिसमें बैंक ने वर्ष 2024-25 में राशि 160.93 करोड़ का सकल लाभ अर्जित किया है, जो बैंक के इतिहास में किसी एक वर्ष में सर्वाधिक लाभ है। बैंक द्वारा सभी आवश्यक प्रावधान करते हुए शुद्ध लाभ 54.83 करोड़ अर्जित किया। बैंक द्वारा अपने सदस्य समितियों को 11.19 करोड़ रु. लाभांश भुगतान करने का निर्णय वार्षिक आमसभा में लिया गया। आमसभा में बैंक की वित्तीय पत्रकों एवं अन्य प्रस्तावों की सर्व सम्मति से स्वीकृति प्रतिनिधियों द्वारा दी गयी।

**जनप्रतिनिधियों ने रखी मांगें**

[illegible]

**बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

[illegible]



जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग

# “सहकार से समृध्दि”

| मानदण्ड | विवरण |
|---|---|
| **क्षेत्र** | पैक्स |
| **गतिविधि का स्तर/स्थान** | राज्य स्तर |
| **कार्यक्रम गतिविधि का नाम** | पैक्स कम्प्यूटरीकरण। |
| **गतिविधि पर संक्षिप्त जानकारी** | राज्य के स्वीकृत 2028 पैक्स में पैक्स कम्प्यूटरीकरण का कार्य किया जा रहा है। स्वीकृत सभी पैक्स को भारत सरकार द्वारा दिये गये समय-सीमा में ई-पैक्स घोषित करने हेतु राज्य, जिला तथा बैंकों की समीक्षा प्रत्येक सप्ताह की जाती है। |
| **उद्देश्य** | भारत सरकार द्वारा नियत समय-सीमा में पैक्स कम्प्यूटरीकरण पूर्ण करना। |
| **प्रतिभागियों की संख्या** | **1048** |
| **उपलब्धियाँ और परिणाम** | पैक्स कम्प्यूटरीकरण को समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु राज्य स्तर पर प्रत्येक सप्ताह गुरूवार को जिला अधिकारियों, नाबार्ड के अधिकारियों, तथा बैंक अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है। जिसका परिणाम स्वरूप राज्य में सितम्बर 2025 तक 1937 पैक्स का 30.03.2025 की स्थिति में डे-एण्ड कर, 1723 समितियों का ERP ऑडिट पूर्ण करते हुए 1183 पैक्स द्वारा डायनेमिक डे-एण्ड का कार्य किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा नियत मापदण्ड अनुसार, राज्य के 797 पैक्स को e-पैक्स भी घोषित किया जा चुका है। |

## 11. गतिविधि : पैक्स कम्प्यूटरीकरण।

| स्तर | आयोजन का विवरण | गतिविधियों की संख्या |
|---|---|---|
| राज्य स्तर | राज्य के स्वीकृत 2028 पैक्स में पैक्स कम्प्यूटरीकरण का कार्य किया जा रहा है। स्वीकृत सभी पैक्स को भारत सरकार द्वारा दिये गये समय-सीमा में ई-पैक्स घोषित करने हेतु राज्य, जिला तथा बैंकों की समीक्षा प्रत्येक सप्ताह की जाती है। | 04 |



### लेंजवारा समिति में पैक्स कम्प्यूटराइजेशन पर हुआ जागरुकता प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक बेरला के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्यादित लेंजवारा पंजीयन क्रमांक 387 में पैक्स

■ निदेशक मंडल और किसानों को दी गई डिजिटल प्रणाली की जानकारी

कम्प्यूटराईजेशन अंतर्गत समिति के निदेशक मंडल और किसान सदस्यों के बीच कम्प्यूटरीकरण के लाभों के प्रति जागरूकता हेतु प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें सॉफ्टवेयर की विशेषताओं की जानकारी दिया गया और उन्हें यह भी बताया गया कि यह प्रणाली भविष्य में समितियों के लिए किस प्रकार लाभकारी सिद्ध होगी। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत पैक्स कम्प्यूटराईजेशन में किसी भी प्रकार की शंकाओं को दूर करना, परियोजना के प्रतिस्वीकृति और सद्भाव का वातारण बनाना तथा समिति की संभावित व्यावसायिक योजनाओ या गतिविधियों की जानकारी देना है। इससे सदस्यों को लाभ और अर्थव्यवस्था का विकास हो।

#### ये हुए सम्मिलित

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष दिनदयाल साहू, समिति प्रबंधक तिलक राम साहू, शाखा प्रबंधक कमल नारायण शर्मा, समिति के कर्मचारी गण सहित किसान बिश्राम साहू, लोकेश साहू, प्रदीप साहू, कुंती साहू, हेमन्त साहू, भारत साहू, रामेश्वर साहू, चेतन, हीराराम, हेमलाल, चिंतामणि, सुषमा, रूखमणी, भूपेंद्र, धर्मेंद्र, खेमलाल, लोचन राम, अरुण, अनिल, खोरबाहरीन, रामकुमार खुमेश, संतराम आदि किसान बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस आयोजन में सम्मिलित हुए।

सेवा सहकारी समिति लेंजवारा





पैक्स कम्प्यूटरीकरण के संबंध में राज्य स्तर पर आयोजित समीक्षा बैठक

# “धन्यवाद”